# अभ्यास टेस्ट पेपर कक्षा-8 (सप्ताह-4)

**प्रश्नों की कुल संख्या-40** **समय- लगभग 90 मिनट**

**विद्यार्थी का नाम-** ........................................................................ **शाला उपस्थिति पंजी क्र.-** ..............

**शाला का नाम-** .......................................................**वि.ख. -** ......................... **जिला-** ....................

## टेस्ट प्रशासनकर्ता के लिए निर्देश

**( टेस्ट प्रारंभ करने से पहले निर्देशों को ध्यान से पढ़ें )**

- **प्रथम व अंतिम पेज की सभी प्रविष्टियां अनिवार्यतः पूर्ण कराएं।**
- यह परीक्षण विद्यार्थी की जानकारी, समझ एवं परम्परागत प्रश्नों से हटकर नए पैटर्न के प्रश्नों आधारित टेस्ट के अभ्यास के अवसर देने के लिए है।

1. बच्चों को टेस्ट पेपर बाँटें।
2. बच्चों से कहें कि ''प्रत्येक प्रश्न के चार विकल्प दिए गए हैं, उनमें से केवल एक ही विकल्प सही उत्तर है।''
3. बच्चों को निर्देश दें कि ''प्रश्न को पढ़कर दिए गए विकल्पों में से प्रश्न का उत्तर ढूँढ़ें।''
4. **सही उत्तर के विकल्प को अंतिम पेज पर दी गई तालिका में भरें।**
5. परीक्षण पुस्तिका में निम्नानुसार तीन विषयों के कुल 40 प्रश्न हैं। सभी प्रश्नों का उत्तर देना अनिवार्य है।

   भाग-1 : हिन्दी प्रश्न 1-10

   भाग-2 : गणित प्रश्न 1-10

   भाग-3 : विज्ञान प्रश्न 1-10

- भाग-4 : सामाजिक विज्ञान प्रश्न 1-10

---

## भाग-1 : हिन्दी

**निर्देश : नीचे दी गई तालिका पढ़कर प्रत्येक प्रश्न के नीचे दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प चुनकर सही उत्तर की तालिका में लिखिए -**

| विशेषताएँ | श्री श्रीकान्त | श्री शेखर | श्रीमती विनीता | सुश्री अंजुमन |
|---|---|---|---|---|
| आँखों का रंग | भूरा | काला | नीला | भूरा |
| नाक | नुकीली | चौड़ी | लम्बी | नुकीली |
| बाल | काले-सीधे | घुँघराले | छोटे-छोटे | लम्बे |
| मुँह और ओंठ | गोल मुँह पतले ओंठ | लम्बा मुँह मोटे ओंठ | गोल मुँह फैले ओंठ | चौड़ा मुँह पतले ओंठ |
| रूचियाँ | कविता और कहानी लिखना | चित्रकारी करना | खाना बनाना | पत्र -पत्रिकाएँ पढ़ना |
| स्वभाव | शांत | गुस्सैल | मिलनसार | हँसमुख |

प्र.1 तालिका के अनुसार किन दो व्यक्तियों के ओंठ एक जैसे है?

(A) श्री कान्त और शेखर (B) श्री कान्त और सुश्री अंजुमन

(C) श्रीमती विनिता और सुश्री अंजुमन (D) शेखर और श्रीमती विनीता

प्र.2 किन दो व्यक्तियों का स्वभाव एक-दूसरे के एकदम विपरीत है?

(A) श्री श्रीकांत एवं श्रीमती विनीता (B) श्रीमती विनीता एवं सुश्री अंजुमन

(C) श्री श्रीकान्त एवं श्री शेखर (D) श्री श्रीकान्त एवं सुश्री अंजुमन

प्र.3 किन दो व्यक्तियों की रूचियाँ साहित्य क्षेत्र में समान है?

(A) श्री श्री कान्त एवं श्री शेखर (B) श्री श्रीकांत एवं सुश्री अंजुमन

(C) सुश्री अजुंमन एवं श्रीमती विनीता (D) सुश्री शेखर एवं श्रीमती विनीता

प्र.4 श्री श्रीकान्त और सुश्री अंजुमन के किन दो अंगों में समानताएँ हैं?

(A) नाक और आँखों का रंग (B) नाक और बाल

(C) नाक और ओंठ (D) बाल और आँखों का रंग

प्र.5 यह तालिका किससे संबंधित है?

(A) व्यक्तिगत गुणों से (B) पारिवारिक गुणों से (C) सामाजिक गुणों से (D) राष्ट्रीय गुणों से

**निर्देश : नीचे दी गई तालिका पढ़कर प्रत्येक प्रश्न के नीचे दिए विकल्पों में से सही विकल्प चुनकर सही उत्तर की तालिका में लिखिए -**

**राष्ट्रीय टीकाकरण तालिका शिशुओं के लिये**

| क्र. | उम्र | टीके का नाम | बीमारियों से बचाव |
|---|---|---|---|
| 1. | जन्म से 24 घंटे के भीतर (अस्पताल में) | बी.सी.जी., ओपीव्ही एवं हेपेटाइटिस-बी | टी.बी. या तपेदिक, पोलियो एवं पीलिया (हेपेटाइटिस-बी) |
| 2. | डेढ़ माह पर | डी.पी.टी.-1, हेपेटाइटिस-बी 1 तथा ओपीव्ही -1 | डिप्थीरिया, काली खाँसी , टिटनेस, पीलिया तथा पोलियो |
| 3. | ढाई माह पर | डी.पी.टी.-2 हेपेटाइटिस-बी 2 तथा ओपीव्ही-2 | डिप्थीरिया, काली खाँसी, टिटनेस, पीलिया तथा पोलियो |
| 4. | साढ़े तीन माह | डी.पी.टी.-3, हेपेटाइटिस-बी 3 तथा ओपीव्ही- 3 | डिप्थीरिया, काली खाँसी, टिटनेस, पीलिया तथा पोलियो |
| 5. | 9 माह से 12 माह तक | खसरे का टीका प्रथम विटामिन-ए की प्रथम खुराक | खसरा, रतौंधी |
| 6. | 16-24 माह पर | डी.पी.टी. प्रथम बूस्टर तथा पोलियो बूस्टर | डिप्थीरिया, काली खाँसी, टिटनेस तथा पोलियो |
| 7. | 16-24 माह पर | खसरे की द्वितीय खुराक | खसरा |
| 8. | 16 माह से 5 वर्ष तक | विटामिन -ए की दूसरी से नौवी खुराक, छः माह के अंतराल पर | रतौंधी |
| 9. | 5 वर्ष | डी.पी.टी. द्वितीय बूस्टर | डिप्थीरिया, काली खाँसी, टिटनेस |

प्र.6 इनमें से कौन- सा टीका केवल एक बार लगाया जाता है।

(A) डी.पी.टी. (B) ओपीव्ही (C) बी.सी.जी. (D) हेपेटाइटिस बी.

प्र.7 तालिका के अनुसार सम्पूर्ण टीकाकारण के लिए बच्चों की आयु सीमा क्या है?

(A) 9 से 12 माह तक (B) 16 से 24 माह तक

(C) 16 माह से 5 वर्ष तक (D) 0 माह से 5 वर्ष तक

प्र. 38 काली खाँसी के लिए कितनी बार टीकों का प्रावधान है?

(A) तीन बार (B) चार बार (C) पाँच बार (D) छह माह

प्र.9 शिशुओं के लिए टीकाकरण क्यो आवश्यक है?

(A) सुन्दरता बढ़ाने के लिए (B) जल्दी बड़ा करने के लिए

(C) पौष्टिक आहार के लिए (D) बीमारियों से बचने के लिए


प्र.10 विटामिन ए की कुल कितनी खुराकें पिलाने का प्रावधान है?


(A) 1 (B) 4 (C) 7 (D) 9


## भाग-2 : गणित


**निर्देश : प्रत्येक प्रश्न के नीचे दिए विकल्पों में से सही विकल्प चुनकर सही उत्तर की तालिका में लिखिए -**

प्र.1 दिये गये चित्रों में से किस चित्र का छायांकित भाग $3\times\frac{1}{5}$ को दर्शाता है?

(A) 

(B) 

(C) 

(D) 

प्र.2 रानू के पास 20 कंचे हैं, रेशमा के पास रानू के कंचों का $\frac{1}{5}$ भाग है, रेशमा के पास कितने कंचे हैं?

(A) 4 (B) 5 (C) 6 (D) 10

प्र.3 $\frac{5}{9}$ को $\frac{3}{9}$ के व्युत्क्रम से गुणा करने पर प्राप्त गुणनफल निम्न में से कौन-सा होगा?

(A) $\frac{15}{45}$ (B) $\frac{27}{25}$ (C) $\frac{25}{27}$ (D) $\frac{45}{15}$

प्र.4 श्याम के पास एक 6 cm लंबी कागज की पट्टी है वह इस पट्टी को $\frac{3}{2}$ cm लंबाई वाली छोटी पट्टियों में काटता है, उसको कितनी छोटी पट्टियाँ प्राप्त होंगी?

(A) 3 (B) 4 (C) 9 (D) 6

प्र.5 एक आयताकार बगीचे का परिमाप 13 cm है और उसकी चौड़ाई $\frac{11}{4}$ cm है, उसकी लम्बाई क्या होगी?

(A) $\frac{15}{2}$ cm (B) $\frac{11}{2}$ cm (C) $\frac{13}{2}$ cm (D) $\frac{15}{4}$ cm

प्र.6 एक समद्विबाहु त्रिभुज का आधार $\frac{4}{3}$ cm है, उसका परिमाप $\frac{62}{15}$ cm है, तो उसकी दो बराबर भुजाओं की माप का योग क्या होगा?

(A) $\frac{7}{5}$ cm (B) $\frac{14}{5}$ cm

(C) $\frac{13}{5}$ cm (D) $\frac{42}{15}$ cm

प्र.7 शीबा के पास 10 मीटर कपड़ा था, जिसका $\frac{3}{5}$ भाग उसने अपनी बहन को कुर्ता सिलवाने के लिये दिया, उसकी बहन ने कुर्ता सिलवाकर उसे मिले हुये कपड़े का आधा ($\frac{1}{2}$) भाग शीबा को वापस कर दिया। शीबा को कितने मीटर कपड़ा वापस मिला?

(A) 6 m (B) 3 m

(C) 5 m (D) $\frac{3}{5}$ m

प्र.8 रीता के पास कुछ आम थे, उसने अपने आमों की संख्या का $\frac{2}{7}$ भाग राजेश को दे दिया, श्याम को दे दिया, राजेश को कुल 4 आम मिले। रीता के पास कुल कितने आम थे?

(A) 7 (B) 14

(C) 2 (D) 28

प्र.9 $10^{100}$ का मान निम्न में से किसके समान है?

(A) $10^{10}+10^{10}$ (B) $10^{50}\times10^{50}$

(C) $10^{10}\div10^{10}$ (D) $10^{10}\times10^{2}$

प्र.10 $(3^0+2^0)\times5^0$ का मान निम्न में से किसके बराबर होगा है?

(A) 1 (B) 2

(C) 0 (D) 25

## भाग-3 : विज्ञान

**निर्देश : प्रत्येक प्रश्न के नीचे दिए विकल्पों में से सही विकल्प चुनकर सही उत्तर की तालिका में लिखिए -**

प्र.1 कौन सा समूह संश्लेषित रेशों का है ?

(A) नायलॉन, टेरिलीन, ऊन (B) कपास, पॉलीकाट, रेयान

(C) पीवीसी, पॉलिथीन, बेकेलाइट (D) ऐंक्रिलिक, रेशम, ऊन

प्र.2 निम्नीकरणीय (जैव अपघटन) पदार्थ है -

(A) एल्युमीनियम और अन्य धातुओं के डिब्बे (B) सब्जी और फलों के छिलके

(C) प्लास्टिक के टूटे खिलौने (D) पॉलीथिन की थैली

प्र.3 दी गई तालिका में जन्तुओं को दो वर्गो में वर्गीकृत किया जाता है –

| **वर्ग अ** | **वर्ग ब** |
|---|---|
| सर्प | बकरी |
| भेड़िया | भैंस |
| बाघ | हाथी |

उपरोक्त वर्गीकरण किस गुण के आधार पर किया गया है –

(A) भोज्य पदार्थ के आधार पर (B) श्वास अंग के आधार पर

(C) आवास के आधार पर (D) जनन अंग के आधार पर

प्र.4 दिए गए परिपथ में दोनों तारों के मध्य किस वस्तु को रखने पर बल्ब जल जायेगा ?



(A) गंधक (B) कोयला

(C) लोहे की छड़ (D) लकड़ी

प्र.5 सामान्यतः धात्विक ऑक्साइड क्षारकीय और अधात्विक अम्लीय प्रकृति के होते हैं। निम्नलिखित में से किस ऑक्साइड का जलीय विलयन नीले लिटमस का रंग लाल कर देगा ?

(A) सल्फर डाइऑक्साइड (B) मैग्नीशियम ऑक्साइड

(C) फेरस ऑक्साइड (D) कॉपर ऑक्साइड

प्र.6 बूझो चूल्हे पर आलू की सब्जी पका रहा है, उसने देखा उनका सब्ज़ी पकाने का ताँबे का बर्तन बाहर से काला हो गया, इसका कारण हो सकता है ?

(A) ईधन का पूर्ण दहन (B) आलू की सब्ज़ी का अधूरा पकना

(C) ईधन का अपूर्ण दहन (D) ताँबे के बर्तन का जलना

प्र.7 पदार्थ जिसका ज्वलन ताप कम है उसके पास जलती माचिस की तीली ले जाने पर वह –

(A) आसानी से आग पकड़ेगा (B) आग नहीं पकड़ेगा

(C) कुछ देर बाद आग पकड़ेगा (D) माचिस की तीली को बुझा देगा

प्र.8

| विटामिन | | कमी से होने वाला रोग – |
|---|---|---|
| विटामिन 'ए' | (i) | ____________ |
| विटामिन 'बी' | (ii) | ____________ |
| विटामिन 'सी' | (iii) | ____________ |
| विटामिन 'डी' | (iv) | ____________ |

(A) (i) बेरी–बेरी (ii) स्कर्वी (iii) रिकेट्स (iv) रतौंधी

(B) (i) स्कर्वी (ii) रिकेट्स (iii) रतौंधी (iv) बेरी–बेरी

(C) (i) रतौंधी (ii) बेरी–बेरी (iii) स्कर्वी (iv) रिकेट्स

(D) (i) बेरी–बेरी (ii) रतौंधी (iii) स्कर्वी (iv) रिकेट्स

प्र.9 अधातुओं के दैनिक जीवन में उपयोग एवं उनके नाम का सही मिलान कौन सा है –

| | | |
|---|---|---|
| 1. | अधातु जो हमारे जीवन के लिए आवश्यक है और जिसे सभी सजीव श्वसन के समय अंदर लेते हैं | (a) आयोडीन |
| 2. | अधातु जिसका उपयोग उर्वरकों में पौधों की वृद्धि के लिए किया जाता है | (b) क्लोरीन |
| 3. | जलशुद्धिकरण प्रक्रम में उपयोग किया जाता है | (c) सल्फर पोटैशियम नाइट्रोजन |
| 4. | अधातु जिसका बैंगनी रंग का विलयन एंटीबायोटिक के रूप में घावों पर लगाया जाता है | (d) ऑक्सीजन |

(A) (1)→(a),(2)→(b),(3)→(c), (4)→(d) (B) (1)→(d),(2)→(c),(3)→(b), (4)→(a)

(C) (1)→(b),(2)→(c),(3)→(d), (4)→(a) (D) (1)→(c),(2)→(d),(3)→(a), (4)→(b)

प्र.10 ध्वनि की चाल से संबंधित निम्नलिखित में से कौन से कथन सत्य है कि ध्वनि की चाल –

(A) द्रव की अपेक्षा वायु में अधिक होती है।

(B) वायु की अपेक्षा द्रव में अधिक होती है।

(C) द्रव की अपेक्षा निर्वात में अधिक होती है।

(D) वायु की अपेक्षा निर्वात में अधिक होती है।

## भाग-4 : सामाजिक विज्ञान

**निर्देश : प्रत्येक प्रश्न के नीचे दिए विकल्पों में से सही विकल्प चुनकर सही उत्तर की तालिका में लिखिए –**

प्र.1 स्थायी बस्ती का अच्छा उदाहरण है –

(A) गाँव (B) तम्बू/टेंट

(C) मेला (D) घूमंतुओं/खानाबदोशों की बस्ती

प्र.2 भारतीय राजनीति की प्रकृति है –

(A) लोकतांत्रिक (B) निरंकुश

(C) राजतांत्रिक (D) तानाशाही

प्र.3 ठंडी समुद्री धाराओं की उत्पत्ति किसके निकट होती है?

(A) ध्रुवों (B) विषुवत रेखा

(C) कर्क रेखा (D) मकर रेखा

प्र.4 किस चट्टान का निर्माण मैग्मा से होता है?

(A) आग्नेय (B) अवसादी

(C) रूपांतरित (D) स्थलमंडल

प्र.5 मृदा परिच्छेदिका (रूपरेखा) का कौन–सा भाग उपयोगी होता है?

(A) अपक्षयित चट्टानी पदार्थ

(B) जनक चट्टानें

(C) ह्यूमस और वनस्पति के साथ ऊपरी मृदा

(D) बालू, गाद, चिकनी मिट्टी के साथ उपमृदा

प्र.6 इनमें से कौन एक लोकतांत्रिक व्यवस्था का उदाहरण है?

(A) शिक्षक द्वारा कक्षा नायक (मॉनिटर) का मनोनयन।

(B) प्राचार्य द्वारा कक्षा नायक का मनोनयन।

(C) उपप्राचार्य द्वारा कक्षा नायक का मनोनयन।

(D) कक्षा के छात्रों द्वारा कक्षा नायक का मनोनयन।

प्र.7 निम्न को सुमेल करके सही उत्तर का चयन कीजिए ।

| A | | B | |
|---|---|---|---|
| (i) | थर्मामीटर | (a) | वायुमंडलीय दाब को मापता है। |
| (ii) | बैरोमीटर | (b) | वर्षा की मात्रा को मापता है। |
| (iii) | वर्षामापी यंत्र | (c) | हवा की दिशा को बताता है। |
| (iv) | विंड वेन (दिक् सूचक) | (d) | ताप को मापता है। |

(A) i-a, ii-b, iii-c, iv-d

(B) i-d, ii-a, iii-b, iv-c

(C) i-d, ii-c, iii-b, iv-a

(D) i-c, ii-d, iii-b, iv-a

प्र.8 सभी व्यक्ति, चाहे अमीर हो या गरीब, उन्हें उचित दर पर उपयुक्त मात्रा में जल की आवश्यकता होती है। किस मौलिक अधिकार के तहत जल सार्वभौमिक रूप से उपलब्ध कराया जाता है?

(A) समानता का अधिकार (B) शिक्षा एवं संस्कृति का अधिकार

(C) जीवन का अधिकार (D) शोषण के विरूद्ध अधिकार

प्र.9 उस आकृति की पहचान करें, जो समुद्री तरंगो से नहीं बनती है :

(A) तटीय मेहराब (B) समुद्री गुफा

(C) समुद्री भृगु (D) रेत का टिब्बा

प्र.10 कुछ लोग यह महसूस करते है कि संसद में महिलाओं के लिए आरक्षण होना चाहिए। इस संदर्भ में कानून कौन बना सकता है?

(A) उच्चतम न्यायालय (B) राष्ट्रपति

(C) प्रधानमंत्री (D) संसद

## सही उत्तर अंकित करने हेतु तालिका (कक्षा-8 सप्ताह-4)

| हिन्दी | | गणित | | विज्ञान | | सामाजिक विज्ञान | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| प्रश्न क्र. | सही उत्तर विकल्प भरें (A/B/C/D) | प्रश्न क्र. | सही उत्तर विकल्प भरें (A/B/C/D) | प्रश्न क्र. | सही उत्तर विकल्प भरें (A/B/C/D) | प्रश्न क्र. | सही उत्तर विकल्प भरें (A/B/C/D) |
| 1. | | 1. | | 1. | | 1. | |
| 2. | | 2. | | 2. | | 2. | |
| 3. | | 3. | | 3. | | 3. | |
| 4. | | 4. | | 4. | | 4. | |
| 5. | | 5. | | 5. | | 5. | |
| 6. | | 6. | | 6. | | 6. | |
| 7. | | 7. | | 7. | | 7. | |
| 8. | | 8. | | 8. | | 8. | |
| 9. | | 9. | | 9. | | 9. | |
| 10. | | 10. | | 10. | | 10. | |

**शिक्षक हेतु निर्देश-**

- बच्चे द्वारा अंकित उत्तरों को संबंधित शिक्षक द्वारा जांचा जाए और निम्नांकित जानकारी भरी जाए। साथ ही निर्देशानुसार रिपोर्टिंग की जाए।
- प्रश्नों के मॉडल उत्तर प्रश्नबैंक में देखे जा सकते है।

**विषयवार सही उत्तरों की संख्या भरें (10 में से कितने उत्तर सही पाए?)**

| हिन्दी | गणित | विज्ञान | सामाजिक विज्ञान |
|---|---|---|---|
| | | | |